**Major Achievements, significant Development and important events of Ministry of Home Affairs for the month of October, 2025.**

The Hon'ble President of India assented to the "The Factories (Himachal Pradesh Amendment) Bill, 2020" on 07.10.2025.

2. The instructions of the Hon'ble President for promulgating "The Industrial Disputes (Gujarat Amendment) Ordinance, 2025" were conveyed on 28.10.2025.

3. Following meetings were chaired by Hon'ble Union Home Minister:

i. On 01.10.2025 - A High-Level Committee meeting approving a number of mitigation, recovery & reconstruction projects for 9 states having total outlay of Rs. 4645.60 crore.

ii. On 09.10.2025 - A High-level meeting in New Delhi to review the security situation in Jammu and Kashmir.

4. Hon'ble Union Home Minister inaugurated and laid foundation stone for the following:

i. On 04.10.2025 - Goa state government's 'Mhaje Ghar Yojana' and various development projects.

ii. On 09.10.2025 - Development projects worth approximately ₹1816 crore of the Delhi Government in New Delhi.

5. Union Home Secretary reviewed the implementation of New Criminal Laws in Bihar and Uttarakhand on 07.10.2025 and in Kerala on 10.10.2025.

6. On 17.10.2025, a review meeting was convened by Union Home Secretary on implementation of New Criminal Laws in the Northeastern States.

7. A meeting under the chairmanship of Union Home Secretary was held on 15.10.2025 to discuss the report submitted by High Power Committee (HPC) for formulation of Modernization Plan-V of CAPFs and action taken on the decision taken in the meeting held on 21.08.2025.

8. A decision had been taken to conduct a one-day National Conference on New Criminal Law in National Judicial Academy, Bhopal in the Month of November. The conference will be attended by the Officers from Police, Prosecution, and Judiciary.

9. HLC approved projects under Expansion and Modernization of Fire Services for three States viz. Haryana, Madhya Pradesh and Rajasthan.

10. On 13.10.2025, An MoU was signed between the BOI, MHA and Mongolian Government to enhance and strengthen cooperation on immigration matters.

11. The LWE affected district covered under SRE scheme have been reviewed and now only 11 districts are categorized as LWE affected districts. Out of 11 districts, 03 are categorized as Most affected, 04 districts are categorized Districts of concern and 04 are other LWE affected district.

12. Prior approval of Central Government before introduction of the following Bills in the Legislative Assembly of Puducherry has been conveyed:

i. On 07.10.2025 “The Puducherry Prevention of Anti-Social Activities (Amendment) Bill, 2023.
ii. On 10.10.2025 “The Industrial Disputes (Union Territory of Puducherry Amendment) Bill, 2025.
iii. On 10.10.2025 “The Contract Labour (Regulation and Abolition) (Union Territory of Puducherry Amendment) Bill, 2025.
iv. On 10.10.2025 “The Factories (Union Territory of Puducherry Amendment) Bill, 2025.

*****

**अक्टूबर, 2025 माह के लिए गृह मंत्रालय की प्रमुख उपलब्धियाँ, महत्वपूर्ण घटनाक्रम और मुख्य कार्यक्रम।**

भारत की माननीया राष्ट्रपति ने दिनांक 07.10.2025 को "कारखाना (हिमाचल प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2020" को स्वीकृति दी।

2. माननीया राष्ट्रपति ने दिनांक 28.10.2025 को "औद्योगिक विवाद (गुजरात संशोधन) अध्यादेश, 2025" को प्रख्यापित करने के निर्देश दिए।

3. माननीय केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में निम्नलिखित बैठकें आयोजित की गईं:

i. दिनांक 01.10.2025 को - 9 राज्यों के लिए 4645.60 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय से कई शमनकारी, पुनर्प्राप्ति और पुनर्निर्माण परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए उच्च-स्तरीय समिति की बैठक।

ii. दिनांक 09.10.2025 को - जम्मू एवं कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए नई दिल्ली में उच्च-स्तरीय बैठक।

4. माननीय केंद्रीय गृह मंत्री ने निम्नलिखित का उद्घाटन और शिलान्यास किया:

i. दिनांक 04.10.2025 को - गोवा राज्य सरकार की 'माझे घर योजना' और विभिन्न विकास परियोजनाएँ।

ii. दिनांक 09.10.2025 को - नई दिल्ली में दिल्ली सरकार की लगभग ₹1816 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाएँ।

5. केंद्रीय गृह सचिव ने दिनांक 07.10.2025 को बिहार एवं उत्तराखंड में और दिनांक 10.10.2025 को केरल में नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की समीक्षा की।

6. केंद्रीय गृह सचिव द्वारा दिनांक 17.10.2025 को पूर्वोत्तर राज्यों में नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की समीक्षा पर बैठक बुलाई गई।

7. दिनांक 15.10.2025 को केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के आधुनिकीकरण हेतु योजना-V तैयार करने के लिए उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट और दिनांक 21.08.2025 को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई पर चर्चा हेतु एक बैठक आयोजित की गई।

8. राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल में नए आपराधिक कानूनों पर नवंबर में एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस सम्मेलन में पुलिस, अभियोजन और न्यायपालिका के अधिकारी भाग लेंगे।

9. उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने तीन राज्यों नामतः हरियाणा, मध्य प्रदेश और राजस्थान के लिए अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के अंतर्गत परियोजनाओं को मंजूरी दी।

10. आप्रवासन मामलों पर सहयोग बढ़ाने और सुदृढ़ करने के लिए बीओआई, गृह मंत्रालय और मंगोलियाई सरकार के बीच दिनांक 13.10.2025 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

11. एसआरई योजना के अंतर्गत वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की समीक्षा की गई और 11 जिलों को वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों के रूप में वर्गीकृत किया गया जिसमे से 03 जिलों को सर्वाधिक प्रभावित, 04 जिलों को चिंताजनक जिले और 04 जिलों को वामपंथी उग्रवाद प्रभावित अन्य जिलों के रूप में वर्गीकृत किया गया ।

12. पुदुचेरी विधान सभा में निम्नलिखित विधेयकों को पेश करने से पूर्व केंद्र सरकार की पूर्व स्वीकृति दी गई:

i. दिनांक 07.10.2025 को पुदुचेरी असामाजिक क्रियाकलाप निवारण (संशोधन) विधेयक, 2023।
ii. दिनांक 10.10.2025 को औद्योगिक विवाद (पुदुचेरी संघ राज्य क्षेत्र संशोधन) विधेयक, 2025।
iii. दिनांक 10.10.2025 को ठेका श्रम (विनियमन एवं उन्मूलन) (पुदुचेरी संघ राज्य क्षेत्र संशोधन) विधेयक, 2025।
iv. दिनांक 10.10.2025 को कारखाना (पुदुचेरी संघ राज्य क्षेत्र संशोधन) विधेयक, 2025।

*****